# राज्य शहरी विकास अभिकरण, छ.ग. रायपुर

## चतुर्थ तल, डी–ब्लॉक, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर

फोन / फै.0771–2222402, 2222409 ई–मेलः suda.mission@gmail.com



क्रं. / 09 / सूडा / HPSC/Smart City/2015-16/239 नया रायपुर, दिनांक : 13 / 04 / 2016


## –:: कार्यवाही विवरण ::–

**मुख्य सचिव महो. की अध्यक्षता में आहूत स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत राज्य स्तरीय हाईपावर स्टेयरिंग कमेटी (HPSC) की तृतीय बैठक दिनांक 08.04.2016**

भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय द्वारा संचालित मिशन स्मार्ट सिटी अंतर्गत राज्य स्तरीय हाईपावर स्टेयरिंग कमेटी (HPSC) की तृतीय बैठक दिनांक 08.04.2016 को मुख्य सचिव महो. की अध्यक्षता में, मंत्रालय महानदी भवन स्थित उनके कार्यालयीन प्रतिकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के निम्नांकित सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य सम्मिलित हुए :–

1. श्री आर.पी. मण्डल, प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग।
2. श्री अमित अग्रवाल, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग।
3. श्री संजय शुक्ला, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग।
4. श्री बी.एल. तिवारी, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर।
5. डॉ. रोहित यादव, संचालक संचा. नगरीय प्रशासन एवं विकास / मुख्य कार्य. अधिकारी, सूडा।
6. श्री ओ.पी. चौधरी, कलेक्टर, रायपुर।
7. श्री सारांश मित्तर, आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर।

बैठक में सर्वप्रथम श्री आर.पी. मण्डल, प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि, भारत सरकार द्वारा मिशन स्मार्ट सिटी अंतर्गत रायपुर शहर के स्मार्ट सिटी प्रस्ताव को अपग्रेड किये जाने फास्ट ट्रेक मोड में शामिल किया गया है। रायपुर शहर के स्मार्ट सिटी प्रस्ताव को फास्ट ट्रेक मोड में भारत सरकार एवं अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त सुझावों के आधार पर पुनरीक्षित / अपग्रेड किया गया है। तदोपरांत अपग्रेडेड स्मार्ट सिटी प्रस्ताव का विस्तृत प्रस्तुतिकरण डॉ. सारांश मित्तर, आयुक्त, नगर निगम रायपुर द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा प्रतिपादित किया गया कि, मिशन के दिशा–निर्देशों के अनुसार अपग्रेडेड स्मार्ट सिटी प्लान में विश्व स्तरीय मानको के

अनुसार शहरी विकास के समस्त घटकों को शामिल किया गया है, जिसके आधार पर परियोजना की अनुमानित लागत राशि रू.3650.00 करोड़ आंकलित की गई है।

बैठक में चर्चा उपरान्त निम्नांकित बिन्दुओं पर सहमति हुई :—

<u>एजेण्डा क्रमांक 1 —</u> **एचपीएससी की द्वितीय बैठक दिनांक 14.12.2015 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि।**

**<u>निर्णय क्रमांक 1 —</u>** समिति द्वारा एचपीएससी की द्वितीय बैठक दिनांक 14.12.2015 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई।

<u>एजेण्डा क्रमांक 2 —</u> **स्मार्ट सिटी मिशन एवं शहरी विकास मंत्रालय के दिशा—निर्देशों के अनुसार अपग्रेडेड रायपुर स्मार्ट सिटी प्रस्ताव के अनुमोदन के संबंध में।**

**<u>निर्णय क्रमांक 2 —</u>** आयुक्त, नगर निगम रायपुर द्वारा प्रस्तुतिकरण में पूर्व निर्मित स्मार्ट सिटी प्लान में शामिल घटकों एवं प्लान में पाई गई कमियों का विस्तृत विवरण दिया गया। तदोपरांत फास्ट ट्रैक मोड में रायपुर स्मार्ट सिटी प्रस्ताव को अपग्रेड किये जाने की गई कार्यवाही का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें शहर के विज़न, स्ट्रैटेजिक प्लान, एबीडी एरिया प्लान, पेन सिटी प्लान, कियान्वयन प्लान, वित्तीय प्लान, के साथ—साथ रिसोर्स प्लान, ओएण्डएम रिकवरी प्लान व फॉल बैक प्लान शामिल है।

निगम आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया, अपग्रेडेड स्मार्ट सिटी प्लान का अनुमोदन निगम की सामान्य सभा द्वारा किया गया है। तदोपरांत अपग्रेडेड स्मार्ट सिटी प्लान एचपीएससी के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जिस पर समस्त समिति द्वारा अपग्रेडेड स्मार्ट सिटी प्लान भारत सरकार को प्रेषित किये जाने की अनुशंसा की गई।

<u>एजेण्डा क्रमांक 3 —</u> **स्मार्ट सिटी प्रस्ताव के सफल कियान्वयन हेतु नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत कार्यरत् विभिन्न शासकीय/अर्ध्दशासकीय /अर्ध्दशासकीय विभागों/ एजेंसियों/संस्थानों को निगम के साथ कारित एमओयू अनुसार आवश्यक सहयोग प्रदान करने निर्देशित किये जाने के संबंध में।**

**<u>निर्णय क्रमांक 3 —</u>** स्मार्ट सिटी प्रस्ताव अनुसार स्मार्ट सिटी मिशन के सफल कियान्वयन हेतु निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया —

1. एचपीएससी द्वारा स्मार्ट सिटी प्रस्ताव अनुसार समस्त हितधारक विभागों/संस्थानों को अपने वित्तीय एवं मानव संसाधनों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की मंशा अनुसार अभिसरण(Converge) किये जाने एवं विभागों को तदानुसार अपने वार्षिक बजट एवं प्लान में यथोचित प्रावधान किये जाने निर्देशित किया गया।

RJ/

2. एचपीएससी द्वारा समस्त विभागों को रायपुर स्मार्ट सिटी हेतु प्रस्तावित एसपीव्ही को यथोचित सहयोग प्रदान करते हुए, परस्पर सामंजस्य के साथ शहर के विकास हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गए।
3. समिति द्वारा निगम एवं विभिन्न हितधारक विभागों के मध्य कारित एमओयू अनुसार विभागों की परियोजनाओं के कनवर्जेंस एवं तदोपरांत मॉनिटरिंग व समीक्षा हेतु हेतु राज्य शहरी विकास अभिकरण, स्टेट इंटर डिपार्टमेंटल टास्क फोर्स (State Inter Departmental Task Force) एवं सिटी इंटर डिपार्टमेंटल टास्क फोर्स (City Inter Departmental Task Force) स्तर पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्राप्त किये गए है।
4. गैरपंरपरागत उर्जा स्त्रोत के उपयोग में बढ़ोतरी हेतु समस्त भवनों में स्थपित किये जाने वाले सौर उर्जा संयंत्र की क्षमता को नेट मीटरिंग हेतु 01 किलोवाट तक प्रयोजन किये जाने निगम को क्रेडा एवं ग्राम तथा नगर निवेश विभाग को प्रस्ताव प्रेषित कर अग्रिम कार्यवाही एवं समन्वय करने के निर्देश प्रदान किए गए।
5. नगरीय निकाय क्षेत्र में ट्रांजिट ओरिएण्टेड डेव्हल्पमेंट (Transit Oriented Development) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम स्तर पर जोनल प्लान बनाकर अग्रिम कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

समिति द्वारा भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय के दिशा–निर्देशों तथा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु एवं प्रस्तावित एसपीव्ही (SPV) के लिए आवश्यक वित्तीय व्यवस्था तथा अन्य समस्त निर्देशों के पालन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त, निर्देशानुसार बैठक समाप्त घोषित की गई।

(मुख्य सचिव महो. द्वारा यथा अनुमोदित)

13/04/16

(डॉ. रोहित यादव)
मिशन डायरेक्टर (स्मार्ट सिटी) सह
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
राज्य शहरी विकास अभिकरण
छत्तीसगढ़, नया रायपुर

पृ. क्रं./09/सूडा/HPSC/Smart City/2015-16/240 नया रायपुर, दिनांक : 13/04/2016

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, मान. मंत्री जी, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छ.ग.।
2. निज सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नया रायपुर।
3. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग।
4. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग।
5. अतिरिक्त सचिव (स्मार्ट सिटी) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
6. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग।
7. संयुक्त सचिव (यूडी) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
8. सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग।
9. संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, छ.ग.।
10. कलेक्टर, जिला – रायपुर।
11. आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर ।
12. प्रोग्रामर, डाटा सेन्टर, संचालनालय नया रायपुर को वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
13. रिकार्ड फाईल।

13/04/16

मिशन डायरेक्टर (स्मार्ट सिटी) सह
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
राज्य शहरी विकास अभिकरण
छत्तीसगढ़, नया रायपुर